मेरे सांवरीया सरकार,
तेरा करने को दीदार,
नजर मेरी तरस रही,
श्याम प्यारे,
नजर मेरी तरस रही।।

तर्ज मेरे बांके बिहारी लाल।

सागर से तेरे गहरे नैना,
ले गए मेरे दिल का चैना,
गई मुझपे जादू डार,
तेरा करने को दीदार,
नजर मेरी तरस रही,
श्याम प्यारे,
नजर मेरी तरस रही।।

मोर मुकुट सोहे जाके सिर पे,
फूलों सी मुस्कान अधर पे,
गए मुझपे जादू डार,
तेरा करने को दीदार,
नजर मेरी तरस रही,
श्याम प्यारे,
नजर मेरी तरस रही।।

काली घटा सी काली काली,
लट है तेरी घूंघर वाली,
छींने मेरा चैन करार,
तेरा करने को दीदार,
नजर मेरी तरस रही,
श्याम प्यारे,
नजर मेरी तरस रही।।

कहे अनाड़ी बात हकीकत,
दिल में बस गई तेरी सूरत,
मैं देख हुआ बलिहार,
तेरा करने को दीदार,
नजर मेरी तरस रही,
श्याम प्यारे,
नजर मेरी तरस रही।।

मेरे सांवरीया सरकार,
तेरा करने को दीदार,
नजर मेरी तरस रही,
श्याम प्यारे,
नजर मेरी तरस रही।।

गायक सागर सांवरिया।
9211947046

Source:
https://www.bharattemples.com/mere-sawariya-sarkar-tera-karne-ko-deedar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw